**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शनिवार** **दिनांक 09.05.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **छत्तीसगढ़ के विभिन्न न्यायालयों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।**
- **महासमुंद पुलिस ने एलपीजी गैस के गबन और आपराधिक षडयंत्र के मामले में जिला खाद्य अधिकारी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया।**
- **आईपीएल टी–ट्वेंटी क्रिकेट मैच कल नवा रायपुर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के बीच खेला जाएगा।**
- **रायपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में आज हुई हल्की से मध्यम बारिश–मौसम विभाग ने कल कुछ स्थानों पर तेज हवाओं के साथ बारिश होने की जताई संभावना।**

**लोक अदालत**

छत्तीसगढ़ के विभिन्न न्यायालयों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान न्यायालयों में लंबित मामलों को आपसी सहमति से सुलझाया गया। इनमें आपराधिक प्रकरणों के साथ ही मोटर दुर्घटना प्रकरण, विवाह संबंधी विवाद, जल कर, संपत्ति कर, राजस्व संबंधी प्रकरण, ट्रैफिक चालान, बैंक और विद्युत संबंधी प्री–लिटिगेषन के अलावा आबकारी से संबंधित प्रकरण शामिल थे।

वहीं, इक्कीस से तेईस अगस्त के बीच सर्वोच्च न्यायालय परिसर में विषेष लोक अदालत के माध्यम से भी लंबित मामलों की सुनवाई की जाएगी। पक्षकारों को अपने लंबित मामलों को विषेष लोक अदालत में शामिल करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाईट पर इकतीस मई तक गूगल फॉर्म में देना होगा।

**महासमुंद–एलपीजी गबन**

महासमुंद जिले में पुलिस ने एलपीजी गैस के गबन और आपराधिक षडयंत्र के मामले में जिला खाद्य अधिकारी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने आज जिला मुख्यालय में आयोजित एक पत्रकारवार्ता में बताया कि जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव ने गैस एजेंसी संचालकों के साथ मिलकर जब्त किए गए छह एलपीजी कैप्सूलों से लगभग बयानवे मीटरिक टन गैस का गबन किया, जिसकी कीमत करीब डेढ़ करोड़ रूपये आंकी गई है। इस मामले में पुलिस ने महासमुंद स्थित एक गैस एजेंसी के संचालक पंकज चंद्राकर और रायपुर के मनोज चौधरी को भी गिरफ्तार किया है। इनके पास से नगदी, मोबाइल और अन्य सामग्री जब्त की गई है।

**अमित शाह–बैठक**

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल दस मई को नई दिल्ली में देष में संभावित बाढ़ और ग्रीष्म लहर से निपटने की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। इसमें केन्द्र और राज्य सरकार की एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय, एनडीआरएफ को सुदृढ़ बनाना और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान शून्य जनहानि के दृष्टिकोण पर निरंतर ध्यान केंद्रित करना शामिल है। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री देश में बाढ़ के प्रभाव को कम करने के लिए किए जा रहे दीर्घकालिक उपायों की प्रगति की भी समीक्षा करेंगे। इन उपायों में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की सुरक्षा, नदी प्रबंधन की पहल और मौसम के पूर्वानुमान में वैज्ञानिक प्रगति शामिल है।

**शुभेन्दु अधिकारी–मुख्यमंत्री शपथ**

शुभेन्दु अधिकारी, पश्चिम बंगाल के नये मुख्यमंत्री बन गए हैं। कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आज राज्यपाल आर.एन. रवि ने श्री शुभेंदु को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्री मौजूद थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री शुभेन्दु को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह जनादेश केवल सरकार बदलने का नहीं, बल्कि पश्चिम बंगाल में विकास, सुशासन और नई कार्य संस्कृति की स्थापना का जनसंकल्प है।

## ननि/पंचायत चुनाव

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों के आम तथा उपचुनाव की घोषणा कर दी है। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया ग्यारह मई से शुरू होगी, जो चार जून तक चलेगी। नामांकन पत्र ग्यारह से अट्ठारह मई तक भरे जाएंगे। नामांकन पत्रों की जांच उन्नीस मई को की जाएगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि इक्कीस मई निर्धारित की गई है। मतदान एक ही चरण में एक जून को होगा, जबकि परिणाम चार जून को घोषित किए जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि नगरीय निकाय चुनाव ईवीएम से दलीय आधार पर और पंचायत चुनाव मतपेटी के माध्यम से गैर दलीय आधार कराए जाएंगे। चुनाव वाले क्षेत्रों में आदर्ष आचार संहिता लागू हो गई है। गौरतलब है कि नगरीय निकायों में अध्यक्ष के पांच और पार्षद के सतहत्तर सहित कुल बयासी पदों पर चुनाव होगा। वहीं, त्रिस्तरीय पंचायतों में जनपद पंचायत सदस्य के दस, सरपंच के बयासी और पंच के एक हजार एक सौ छत्तीस सहित कुल एक हजार दो सौ अट्ठाईस रिक्त पदों के लिए चुनाव होगा।

## जनगणना

छत्तीसगढ़ में इन दिनों मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य चल रहा है। इसी कड़ी में बलौदाबाजार–भाटापारा जिले के कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने आज ग्राम मुण्डा में प्रगणकों द्वारा किए जा रहे जनगणना कार्य का निरीक्षण किया। कलेक्टर, प्रगणक से मोबाइल लेकर स्वयं एक मकान मालिक के घर पहुंचे और मकान गणना संबंधी सभी जानकारी लेकर डिजिटल गणना पूरी की।

## आईपीएल मैच

नवा रायपुर के शहीद वीरनारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में कल दस मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल टी–ट्वेंटी क्रिकेट मैच खेला जाएगा। यह मैच शाम साढ़े सात बजे से शुरू होगा। आईपीएल मैच को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। पूरे स्टेडियम की निगरानी सीसीटीवी कैमरे से की जाएगी। इस बीच, आज शाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के खिलाड़ियों ने अभ्यास किया। वहीं, तेरह मई को शहीद वीरनारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में ही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मुकाबला होगा।

## सुशासन तिहार

प्रदेश में इन दिनों सुशासन तिहार चल रहा है। इस दौरान जगह–जगह समाधान शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं का मौके पर निराकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में बलौदाबाजार–भाटापारा जिले की ग्राम पंचायत झुमका में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राजस्व और उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए। इस दौरान श्री वर्मा ने हितग्राहियों को ट्रैक्टर की चाबी, अनुदान राशि के चेक, प्रमाण–पत्र और अन्य सामग्री भेंट कीं। शिविर में तेईस सौ से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से दो सौ बहत्तर आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया।

## जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में **''बालोद''** जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## विशेष कार्यक्रम

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी, रायपुर द्वारा पद्मश्री के लिए चयनित गोडबोले दंपति से ली गई विशेष भेंटवार्ता का प्रसारण कल सुबह साढ़े दस बजे से ग्यारह बजे तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम का प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र एक साथ करेंगे।

**दुर्घटना**

बालोद जिले के डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र में बीती रात हुए एक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम देवरी से तीनों युवक मोटरसाइकिल से डौंडीलोहारा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान खैरीडीह गांव के पास विपरीत दिषा से आ रही कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। उधर, गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के ग्राम मझगवां में एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने सड़क किनारे बैठे तीन लोगों को टक्कर मार दी। इस हादसे में चाचा और भतीजे की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

**नगरीय प्रशासन विभाग–निर्देश**

नगरीय प्रषासन और विकास विभाग ने सभी निकायों को पेयजल संकट के निवारण के निर्देष दिए हैं। विभाग ने सभी निकायों को हैंडपंप, बोरवेल और अन्य जलप्रदाय प्रणालियों की एक सप्ताह में जांच कर मरम्मत करने को कहा है। साथ ही पाइपलाइन में लीकेज या टूट–फूट को तत्काल सुधारने तथा नालियों से होकर गुजरने वाले पाइपलाइनों और हाऊस–सर्विस कनेक्षन को स्थानांतरित करने के भी निर्देष दिए हैं।

**भारतीय वन सेवा–चयन सूची**

संघ लोक सेवा आयोग–यूपीएससी द्वारा आयोजित भारतीय वन सेवा परीक्षा–दो हजार पच्चीस की अंतिम चयन सूची कल जारी की गई। इसमें एक सौ अड़तालीस अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। इस परीक्षा में छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले की सुष्मिता सिंह का भी चयन हुआ है। उन्होंने बत्तीसवीं रैंक हासिल की हैं।

**मौसम**

आज राजधानी रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव सहित कई जिलों में दोपहर बाद तेज हवा के साथ बारिश हुई है। कई स्थानों पर अंधड़ चलने से पेड़ गिरने और बिजली आपूर्ति प्रभावित होने की भी खबर है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार उत्तर पूर्वी मध्यप्रदेश में एक चक्रवात बना हुआ है। वहीं, राजस्थान से लेकर मध्यप्रदेश और उत्तरी छत्तीसगढ़ से होते हुए झारखंड तक एक द्रोणिका विस्तारित है। इसके असर से मौसम में बदलाव आया है।

मौसम विज्ञानी डॉक्टर गायत्री वाणी ने बताया कि आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के कुछ स्थानों पर तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना है।

**माओवादी सामग्री–बरामद**

नारायणपुर जिले में सुरक्षा बलों की टीम ने बड़ी मात्रा में माओवादी सामग्री बरामद की है। हमारे संवाददाता ने बताया कि सुरक्षा बलों की टीम ने तलाशी अभियान के दौरान तोके के जंगल में भारी मात्रा में हथियार, गोला–बारूद और आईईडी बनाने की सामग्री बरामद की है। जब्त सामग्री में तीन सौ पंद्रह बोर राइफल, बारह बोर राइफल, रॉकेट लॉन्चर और जिंदा कारतूस शामिल हैं।

**संक्षिप्त समाचार**

– रायगढ़ पुलिस ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे के मामले में तीन अलग–अलग ठिकानों पर छापामार कार्रवाई करते हुए पांच सटोरियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से दो लाख सत्तर हजार रूपए नकद, छह मोबाइल और एक नोट गिनने की मषीन के साथ ही डिजिटल साक्ष्य जब्त किए गए हैं।

– रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वनमंडल के छाल क्षेत्र में स्थित घोघड़ा डैम में हाथी के एक बच्चे की डूबने से मौत हो गई। वन विभाग की टीम ने जांच शुरू कर दी है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>